https://cm.jharkhand.gov.in/

मुख्यमंत्री सचिवालय

प्रेस विज्ञप्ति

रांची,दिनांक: 13/08/2025

मुख्यमंत्री सचिवालय*
प्रेस विज्ञप्ति --485/2025
13 अगस्त 2025
नेमरा, गोला, रामगढ़
============================

★ स्मृति शेष- दिशोम गुरु शिबू सोरेन जी को सैकड़ों की संख्या में "कुड़मालि भाखी चारि आखड़ा" के सदस्यों ने अपनी श्रद्धा व्यक्त करते हुए भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की।
============================

मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन से आज नेमरा, रामगढ़ स्थित पैतृक गांव में "कुड़मालि भाखी चारि आखड़ा" के सदस्यों ने मुलाकात कर उनके प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त की। इस दौरान उन्होंने स्मृति शेष- दिशाेम गुरु शिबू सोरेन जी को स्मरण करते हुए एक प्रार्थना सभा का आयोजन किया। जिसमें "गुरूजी" को श्रद्धा व्यक्त करते हुए भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर संगठन के वरिष्ठ सदस्यों ने गुरूजी के जीवन, विचारों और समाज के प्रति उनके योगदान को याद करते हुए कहा कि गुरूजी ने सदैव शिक्षा, सेवा और एकता का संदेश दिया। उनका मार्गदर्शन और प्रेरणा हमेशा समाज को दिशा देता रहेगा। सभा में उपस्थित लोगों ने गुरूजी की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

इस मौके पर "कुड़मालि भाखी चारि आखड़ा" के संरक्षक श्री दीपक पुनरियार, जिला संरक्षक सदस्यगण में श्री अनंत कँड़हरआर, सुभाष पुनरियार, गोविंद पुनरियार, सुखदेव जालबनवार, अशोक हिन्दयार, चंद्र मोहन सखवार , सुभाष हिन्दयार के अलावे सैकड़ों की संख्या में संगठन के पदाधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में अन्य सदस्यगण उपस्थित रहे।

========================

#Team PRD(CMO)